हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 26 सितंबर 2025

06 50 दिनों से लंबित शिकायतें बहुत ज्यादा हैं इनको बिना...



09 गूगल मीट कर एसपी ने जानी कानून व्यवस्था की...





### सौधर्म इंद्र- इंद्राणी के साथ अन्य इंद्रों द्वारा तीर्थंकर परमात्मा की की जा रही पूजा-अर्चना

## दिगंबर जैन समाज में चल रहा समवशरण महामंडल विधान पूजन का धार्मिक आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़

स्थानीय दिगंबर जैन समाज में नौ दिवसीय समवशरण महामंडल विधान पूजन व विश्व शांति महायज्ञ का धार्मिक कार्यक्रम चल रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिदिन बड़ी संख्या में समाज जनों के साथ सौधर्म इंद्र- इंद्राणी व अन्य इंद्रों द्वारा मंडल विधान की महार्चना विधि विधान के साथ की जाकर तीर्थंकर परमात्मा की पूजा - अर्चना तथा अभिषेक किया जा रहा हैं। रात्रि में मंगल आरती के साथ प्रभु भक्ति व धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भोपाल की टीम के साथ समाज की प्रतिभाओं द्वारा दी जारही है।

दिगंबर जैन समाज में इस वर्ष चातुर्मास हेतु प.पू.गणाचार्य श्री 108 विरागसागर जी महा मुनिराज के सुशिष्य मूल संघ के गणधर मुनि श्री 108 विवर्धन सागर जी महाराज व मुनि श्री विश्व नायक महाराज सा. ससंघ का चातुर्मास त्यागी भवन में चल रहा है। उनकी प्रेरणा व पावन निश्रा में प.पू. आचार्य भगवंत विराग सागर जी महाराज साहब के दिव्य आशीष व आचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज साहब के आशीर्वाद से विराग विवर्धन चातुर्मास समिति तथा दिगंबर जैन समाज के तत्वाधान में 22 सितंबर से नौ दिवसीय श्री 1008 समवशरण महामंडल विधान की पूजन का कार्यक्रम चल रहा है।

मंडल विधान के तहत चौक बाजार स्थित त्यागी भवन में श्री समवशरण मंडल की भव्य व मनमोहक रचना की गई है। जहां पर श्रीजी परमात्मा को कमल पुष्प पर विराजित कर उनके समक्ष प्रतिदिन प्रातः काल से अभिषेक, शांति धारा, विधान महार्चना, नित नियम पूजन कार्यक्रम के साथ विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम महोत्सव के मुख्य पात्र के रूप में पूजन में बैठे सौधर्म इंद्र- इंद्राणी मनीष कुमार प्रेमचंद गोधा परिवार, चक्रवर्ती इंद्र पवन कुमार प्रेमचंद पाड़िया परिवार, कुबेर इंद्र नवीन कुमार सौभाग्यमल पाड़िया परिवार, यज्ञ नायक इंद्र- इंद्राणी वैभव राखी जैन, ईशान इंद्र- इंद्राणी सुनील कुमार नेमीचंद पाड़िया परिवार, महेंद्र इंद्र - इंद्राणी अभिषेक पूजा जैन द्वारा किए जा रहे है।













### समवशरण मंडल विधान पूजन से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है: मुनिश्री

मुनि विवर्धन सागरजी ने समवशरण मंडल विधान पूजन को लेकर बताया कि इस समवशरण विधान में 24 तीर्थंकरों की आराधना की गई है। जैन धर्म में यद्यपि ईश्वर को पूर्ण वीतरागी माना है, वे किसी को सुख-दुख नहीं प्रदान करते। फिर भी भावों से की गई भगवान की भक्ति से स्वयं पापकर्म नष्ट होते हैं और पुण्य का बंध होता है। फल स्वरुप कार्यों की सिद्धि होती है। मुनि श्री ने बताया कि समवशरण विधान की पूजन समस्त सुखों को प्रदान कर मनोवांछित फल प्रदान करने वाली होती है।समवशरण विधान के माध्यम से भगवान की भक्ति करके सभी अपने मनोवांछित फल की प्राप्ति करते हैं। उन्होंने बताया कि भगवान ऋषभदेव से लेकर भगवान महावीर पर्यंत 24 तीर्थंकरों के समवशरण का विस्तार अलग-अलग है। प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव का समवशरण 12 योजन अर्थात 96 मील का था। जो आगे -आगे घटते क्रम में भगवान महावीर का एक योजन अर्थात 8 मील का रह गया था। प्रत्येक समवशरण में मानस्तंभों की ऊंचाई भगवान की ऊंचाई से 12 गुना ऊंची होती है। इस मान स्तंभ का दर्शन करते ही मानी का मान गलित हो जाता है। सम्यक दृष्टि भव्य जीव ही प्रभु के समवशरण में प्रवेश कर सकते हैं। मिथ्यादृष्टि नहीं जा सकते। उन्होंने बताया कि प्रभु के समवशरण कि यहां विशेषता होती है कि अंधे, लूले, लंगड़े सभी क्रम से 20 हजार सीढ़ी पार कर ऊपर पहुंच जाते हैं और पूर्ण निरोगी हो जाते हैं। तीनों लोकों में समवशरण के समान बहिरंग लक्ष्मी युक्त वैभव और कहीं नहीं होता है। यह सब तीर्थंकर प्रकृति के पुण्य का ही प्रभाव होता है। मुनि श्री ने बताया कि इस विधान में विभिन्न रंगों की रंगोली से समवशरण का मंडल विधान बनाया गया है। मध्य में तीन कटनी से युक्त सुंदर गंधकुटी रखकर उसमें चारों दिशाओं में चार प्रतिमाएं विराजमान की गई है। जो चतुर्मुखी प्रतिमा का प्रतीक है। क्योंकि जब तीर्थंकर भगवान साक्षात समवशरण मैं विराजमान होते हैं तो उनका मुख पूर्व या उत्तर दिशा में होता है किंतु केवल ज्ञान के अतिशय से 12 सभाओं में बैठे सभी जीवों को भगवान का मुख अपनी और दिखता है।

### सभी धार्मिक कार्यक्रम

विधानाचार्य व प्रतिष्ठाचार्य पं. श्री पवन जैन दीवान सागर द्वारा विधि विधान व मंत्रोच्चार के साथ संपन्न करवाया जारहे है। सहायक प्रतिष्ठाचार्य के रूप में पंडित मुकेश जैन सुसनेर है। मंडल विधान पूजन के दौरान त्यागी भवन में धर्म की बयार प्रतिदिन बह रही है। मंडल विधान के इस आयोजन में विशेष आकर्षण के रूप में 28 सितंबर को चक्रवर्ती की दिग्विजय यात्रा का नगर भ्रमण होगा। मंडल विधान की पूर्णाहुति विश्व शांति यज्ञ हवन आदि कार्यक्रम 30 सितंबर को होगा। धार्मिक आयोजन के तहत त्यागी भवन में प्रतिदिन रात्रि 6:30 बजे से महा आरती एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भोपाल की टीम द्वारा दी जा रही है। मंडल विधान के इस आयोजन में संगीतकार मनोज जैन जयपुर राजस्थान की टीम द्वारा संगीत की स्वर लहरिया के साथ प्रभु भक्ति की प्रस्तुति दी जा रही है।

### मंगल आरती जुलूस निकाला जा रहा

समवशरण मंडल विधान के धार्मिक आयोजन के तहत प्रतिदिन रात्रि 6:30 बजे आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर नीमा कालोनी से पुण्यार्जक परिवार की ओर से मंगल आरती जुलूस निकाला जा रहा है। जो प्रमुख मार्ग से श्री सुपार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर के समीप स्थित त्यागी भवन पर पहुंचता है। जहां आरती का कार्यक्रम होता है।

### गुजराती धुन पर किया आकर्षक गरबा

## नवरात्रि गरबा उत्सव को लेकर युवतियों में खासा उत्साह





हरिभूमि न्यूज ▶▶ कानड़

सोमवार से शुरू हुए नवरात्रि पर्व को लेकर नगर में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। माता रानी की भक्ति के साथ सोमवार शाम घट स्थापना के साथ ही नगर में गरबा महोत्सव भी शुरू हो चुका है जिसको लेकर नगर की बालिकाओं और युवतियों में खासा उत्साह देखने को मिला। नगर परिषद एवं मां बिजासन महिला भक्त मंडल द्वारा द्वारा नगर के सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में सुंदर पंडाल सजाकर गरबा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा हैं। इस दौरान बालिकाएं बढ़ चढ़कर इस गरबा उत्सव में भाग ले रही है साथ ही मां अम्बे के भक्ति गीत और गुजराती गरबा धुन पर मनमोहक प्रस्तुति देकर लोगों से वाहवाही बटोर रही है। नगर में नवरात्रि की पहले नवरात्र से ही गरबे की धूम दिखाई देने लगी है साथ ही बड़ी संख्या में नगर वासियों की भीड़ गरबा देखने के लिए गरबा स्थल पर पहुंच कर बालिकाओं का उत्साह वर्धन कर रहीं है।



## पं.दीनदयाल की जयंती मनाई गई





**नलखेड़ा।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा गुरुवार को प्रत्येक मतदान केंद्र पर पंडित दीनदयाल जयंती मनाई गई। गुरुवार को भाजपा द्वारा महान चिंतक, एकात्म मानववाद एवं अंत्योदय के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती नलखेड़ा मंडल के प्रत्येक मतदान केंद्र पर मनाई गई। नगर के रेन बसेरा परिसर में दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया एवं परिसर में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिलीप सकलेचा, जिला महामंत्री रामेश्वर तेजरा, मंडल अध्यक्ष व जिला मंत्री पवन वेदिया, अजजा मोर्चा जिलाध्यक्ष शिवनारायण भिलाला,नप अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनी, मंडल महामंत्री रितेश सोनी, भाजपा महिला मोर्चा की अर्चना नागर सहित पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।


## नवरात्र पर्व पर कन्या भोजन का किया आयोजन

**कानड़।** शक्ति की भक्ति के महापर्व नवरात्रि के चलते नगर में कई धार्मिक अनुष्ठान एवं हवन पूजन किए जा रहा है इसी के चलते गुरूवार को नगर के रिटायर अध्यापक सिद्धनाथ शर्मा व मनीष शर्मा कंट्रेक्शन कंपनी द्वारा मांगलिक भवन में कन्या भोजन का आयोजन किया जिसमें बड़ी संख्या में नगर की कन्याओं ने भोजन प्रसादी ग्रहण की। कन्या भोज की शुरुआत करते हुए देवी स्वरूप कन्याओं को तिलक लगाकर एवं लाल चुनरी ओढ़कर व पुष्प माला पहनाकर कर उनका सत्कार किया फिर कन्या भोजन की शुरुआत की गई जिसमें नगर सहित शासकीय व अशासकीय विद्यालय की बालिकाओं एव युवतियों ने भोजन स्वरूप में प्रसाद ग्रहण किया।





### नवरात्रि में प्रतिदिन दुधाखेडी माताजी का किया जा रहा आकर्षक श्रृंगार



**नलखेड़ा।** शारदीय नवरात्रि में नगर में स्थित मां दुधाखेडी मंदिर पर प्रतिदिन माता रानी का आकर्षक श्रृंगार किया जा रहा है। जहाँ बड़ी संख्या में भक्त दर्शनार्थ पहुंच रहे है। शारदीय नवरात्रि महापर्व के साथ नगर सहित क्षेत्र में स्थित देवी मंदिरों में भिन्न-भिन्न धार्मिक आयोजन प्रारंभ हो गए हैं। जहां भक्तगण माता की भक्ति में लीन दिखाई दे रहे हैं। नगर से लगभग 2 किमी दूर श्री बल्डावदा हनुमान मंदिर के सामने स्थित श्री दुधाखेडी माताजी मंदिर पर शारदीय नवरात्रि में प्रतिदिन माता रानी का आकर्षक श्रृंगार किया जा रहा है। जिनके दर्शन हेतु बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे। संध्याकालीन आरती में भी बड़ी संख्या में भक्त शामिल हो रहे हैं।

### मां चामुंडा की प्रतिमा दिन में तीन स्वरूप बदलती हैं, शहर के माता मंदिरों पर जारी है शक्ति की आराधना

## ग्वालियर रियासत काल में मां की मूर्ति के समक्ष चढ़ाई जाती थी पशु बलि







हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

नलखेडा नगर प्राचीन देव स्थानों के लिए प्रसिद्ध है। पीतांबरा सिद्ध पीठ मां बगलामुखी के नाम से इस नगर की ख्याति देश -विदेश में भी फैल रही है। नगर में मां कालिका का मंदिर भी है जो वृहन्नला द्वारा बनवाया गया है, मां चामुंडा का मंदिर भी है जहां स्थित प्रतिमा दिन में तीन स्वरूप बदलती है। सुईगांव में मां चौसठ योगिनी मंदिर व गुदरावन के बालाजी हनुमान मंदिर पर नवरात्रि के इन दिनों में भक्तों की आस्था उमडती दिखाई दे रही है। नगर व अंचल में मां दुर्गा की आराधना में भक्तगण लीन नजर आ रहे हैं वही मां शक्ति के जयकारों से पूरा नगर चुनर यात्राओं के माध्यम से गुंजायमान हो रहा। नवमी पर्व 1 तथा 2 अक्टूबर को दशहरा पर्व का उत्सव मनाया जाएगा ।

### तीन स्वरूप बदलती मां चामुंडा की प्रतिमा

नगर के मध्य स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर के अहाते में मां चामुंडा देवी का अति प्राचीन मंदिर स्थापित है। माना जाता है कि यह विराजित माता की मूर्ति दिन में तीन स्वरूप बदलती है नवरात्रि के दिनों में यहां विशिष्ट हवन-अनुष्ठान के आयोजन भक्तों द्वारा किए जाते हैं। ग्वालियर रियासत काल में मां की मूर्ति के समक्ष पशु बलि चढ़ाई जाती थी। जो वर्तमान में बंद हो गई है। मां चामुंडा के भक्त अपनी मनोकामना पूर्ण होने की मन्नत मां के समक्ष मानते हैं तथा मन्नत पूर्ण होने पर विशेष श्रृंगार व प्रसादी आदि की भेंट चढ़ाते हैं। नवरात्रि के अंतिम दिवस पर नगर के पटेल परिवारों के द्वारा यहां विशेष हवन परंपरा अनुसार करवाया जाता है। नगर का अति प्राचीन व चमत्कारी स्थल शासन की उपेक्षा व आर्थिक मदद न मिलने से भक्तों द्वारा ही इस स्थान पर निर्माण करवाया गया है।

### कालका माता मंदिर जहां भक्तों की मन्नत होती है पूर्ण

नगर के नयापुरा मोहल्ले में मां कालिका व केवड़िया स्वामी भैरव बाबा का मंदिर स्थित है यहां निःसंतान दंपतियों की कामना मां के आशीर्वाद से पूर्ण होती है। इस स्थान पर नवरात्रि पर्व में भक्तों की श्रद्धा मां के दर्शनों के लिए उमडती है। नगर की वृहन्नला प्रेमबाई ने मंदिर का निर्माण करवाया है मंदिर में मां कालिका देवी की आकर्षक प्रतिमा के साथ केवड़ा स्वामी की मूर्ति विराजमान है , कहते हैं कि यहां मांगी गई हर मन्नत पूरी होती है संतान प्राप्ति की कामना लेकर यहां दूरदराज से कई श्रद्धालु आते हैं।

### मां चौसठ योगिनी का चमत्कारी स्थल

नगर से करीब 9 किलोमीटर दूर आमला मार्ग पर स्थित ग्राम सुईगांव के समीप जंगल में मां चौसठ योगिनी देवी का सैकड़ों वर्ष प्राचीन स्थान है । इस स्थान को चमत्कारी माना जाता है मंदिर के अग्रभाग में पीपल का प्राचीन वृक्ष भी स्थित है जिस पर चोटी है इसके आसपास एक चबूतरा बना हुआ है। कहा जाता है कि इस वृक्ष की तीन परिक्रमा लगाने से मनोवांछित इच्छा पूर्ण होती है । इस मंदिर पर आए दिन कई चमत्कार देखने को मिलते हैं। नवरात्रि के दौरान उक्त मंदिर पर आसपास के ग्रामों के साथ नलखेड़ा के भक्तों का दर्शनार्थ तांता लगा रहता है।

### पुष्प गिरा तो मनोकामना पूर्ण

नलखेडा- आमला मार्ग पर नगर से 2 किमी दूर ग्राम गुदरावन में हनुमानजी की प्राचीन प्रतिमा स्थित है इस स्थान को बावडी वाले हनुमानजी के नाम से पूरे क्षेत्र में जाना जाता है। यहा पर वेसै तो भक्तो की भीड लगी ही रहती है। लेकिन नवरात्रि पर्व के दिनों में इस मंदिर पर भक्तो का तांता लगा रहता है। माना जाता है कि यहां पर आने वाले भक्त जब हनुमान प्रतिमा के समक्ष कोई मनोकामना की इच्छा प्रकट करते है यदि हनुमान प्रतिमा से पुष्प जब नीचे गिरता है तो यह माना जाता है कि भक्त की मनोकामना अवश्य ही पूर्ण होगी।

## खबर संक्षेप

### एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन हुआ



**देवास।** जिले में श्रम विभाग अंतर्गत मप्र भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार मंडल की अनुग्रह सहायता/आयुष्मान भारत योजना के ग्रामीण हितग्राहियों का सत्यापन और मनरेगा कार्यों के वित्तीय वर्ष 2024-25 के सामाजिक अंकेक्षण के लिए जिला पंचायत देवास सभाकक्ष में विलेज सोशल एनिमेटर के एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें जिला समन्वयक सामाजिक अंकेक्षण मनीष हरने एवं परियोजना अधिकारी अमित जायसवाल द्वारा संबंधितों को प्रशिक्षण दिया गया।

### कलेक्टर, एसपी ने माता टेकरी पर किया निरीक्षण



**देवास।** शारदीय नवरात्र पर्व पर माताजी टेकरी पर श्रद्धालुओं की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर ऋतुराज सिंह और पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद ने माताजी टेकरी पर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि बड़ी माता और छोटी माता मंदिर परिसर में सुगमता से दर्शन की व्यवस्था बनाए रखें। जिन अधिकारी/कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। वे सभी अधिकारी/कर्मचारी अनिवार्य रूप से समय से पहले उपस्थित हो जाये। इस दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### सीएम हेल्पलाइन पर लंबित शिकायतों के निराकरण के लिए हुई बैठक

# 50 दिनों से लंबित शिकायतें बहुत ज्यादा हैं इनको बिना कोताही बरते खत्म करें: शर्मा

### सभी लंबित प्रकरणों का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निराकरण के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिले में स्वास्थ्य विभाग की सीएम हेल्पलाइन पर शिकायतें सबसे ज्यादा लम्बित होने पर कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार डिप्टी कलेक्टर अभिषेक शर्मा ने स्वास्थ्य विभाग की सीएम हेल्पलाइन पर लम्बित शिकायतों के निराकरण के लिए बैठक ली। बैठक में विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में हेल्पलाइन पर दर्ज शिकायतों की स्थिति का गहन विश्लेषण किया गया। डिप्टी कलेक्टर शर्मा ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की सीएम हेल्पलाइन पर शिकायतें ज्यादा लम्बित होने पर जिले की रेंकिंग भी खराब होती है। सीएम हेल्पलाइन जनसुनवाई का सशक्त माध्यम है और इसकी विश्वसनीयता बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में स्वास्थ्य विभाग से संबंधित 500 से अधिक शिकायतें लंबित हैं, जिनमें से कई प्राथमिकता की श्रेणी में आती हैं।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी लंबित प्रकरणों का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित, ताकि आमजन की समस्याओं का समाधान समयबद्ध रूप से हो सके।उन्होंने कहा कि 50 दिन से अधिक की शिकायतें बहुत ज्यादा हैं इन्हें पहले समाप्त करें, इसके निराकरण के लिए उचित प्रकार से कार्य करें। किसी प्रकार की कोताही न करें। शिकायती प्रकरणों की पूर्ण समीक्षा करें इसमें किसी प्रकार की भी लापरवाही ना की जाए। शिकायतों को फोर्स क्लोज करने के स्थान पर एएनएम स्तर तक जानकारी दें कि आपके क्षेत्र में जो शिकायत दर्ज हैं और जिनका निराकरण हो भी चुका है तो उन शिकायतकर्ताओं से संवाद तथा संपर्क स्थापित कर शिकायतों की स्थिति की जानकारी ली जाए और उनके आधार पर उसे समाप्त करवाया जाए। छोटी-छोटी शिकायतों को ध्यान से देखें उनके उन पर चर्चा करें एवं उनका त्वरित निराकरण करें।

शर्मा ने कहा कि प्रतिदिन सम्बंधित फील्ड अधिकारी तक सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की जानकारी भेजें एवं समय पर निराकरण के पूर्ण प्रयास करें। किसी के द्वारा चाहे जाने पर सूचना के अधिकार की जानकारी समय पर उपलब्ध करा दें। जिला चिकित्सालय एवं सभी विकास खंडों के कंप्यूटर ऑपरेटर अपनी जिम्मेदारियां को समझें और समस्याओं को निराकृत करें। प्रत्येक शिकायत की प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी और संबंधित अधिकारी व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होंगे।

शर्मा ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन जनसुनवाई का सशक्त माध्यम है, और इसकी विश्वसनीयता बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है।स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया कि वे शिकायतों के निराकरण में पारदर्शिता और संवेदनशीलता बरतें तथा आवश्यकतानुसार फील्ड विजिट कर वास्तविक स्थिति का आकलन करें।इस अवसर पर प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीषा मिश्रा, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेंद्र गुजराती, सभी ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर सहित अन्य संबंधित अधिकारी, कंप्यूटर ऑपरेटर मौजूद रहे।

# गोमांस को करमुक्त घोषित करने की अधिसूचना पर विहिप ने किया विरोध

### मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मप्र शासन द्वारा हाल ही में जारी अधिसूचना में गौमांस को करमुक्त घोषित किए जाने पर विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने गहरी आपत्ति जताई है। विहिप पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम जिला कलेक्टर कार्यालय में ज्ञापन सौंपते हुए इस निर्णय को तत्काल निरस्त करने की माँग की है। विहिप पदाधिकारियों ने कहा कि यह आदेश न केवल मध्यप्रदेश गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम के विरुद्ध है, बल्कि इससे समाज में असंतोष एवं अशांति फैल सकती है।

संगठन ने स्पष्ट किया कि गौमांस पर करमुक्ति देना, वस्तुतः गौहत्या को प्रोत्साहित करने जैसा है। विहिप की मुख्य माँगें है कि गौमांस करमुक्ति संबंधी अधिसूचना को तुरंत वापस लिया जाए। गौ संरक्षण अधिनियम के अनुसार गौवंश व उसकी संतति के मांस पर पूर्ण प्रतिबंध लागू किया जाए। अवैध कसाइखानों पर कठोर कार्रवाई की जाए। राज्य व जिला स्तर पर कसाईखाना नियंत्रण समिति का गठन कर निगरानी सुनिश्चित की जाए। मांस बाजारों में रैंडम सैंपल जाँच कर गौमांस की मिलावट व विक्रय पर रोक लगाई जाए। गोमांस को खाद्य सामग्री की श्रेणी से बाहर रखा जाए। गौमूत्र व गोबर आधारित उत्पादों को करमुक्त कर गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाया जाए। विहिप ने चेतावनी दी है कि यदि अधिसूचना तत्काल प्रभाव से वापस नहीं ली गई तो प्रदेश में व्यापक असंतोष एवं अशांति फैल सकती है। विहिप ने ज्ञापन में संस्कृत श्लोक उद्धृत करते हुए कहा "गावो विश्वस्य मातरः, गावः सर्वस्य भूषणम्।गावः स्वर्गस्य दातारः, गावः सर्वस्य रक्षणम्॥"

ज्ञापन सौंपने वालों में प्रांत सामाजिक समरसता सह प्रमुख शिव प्रसाद शर्मा, जिला अध्यक्ष दिलीप अग्रवाल, जिला मंत्री संदीप चोबे, उपाध्यक्ष विजय पांचाल, नगर अध्यक्ष संजय शर्मा, प्रचार प्रसार प्रमुख सचिन राठौर, गोरक्षा प्रमुख रमेश कौशल, अभिजीत ठाकुर, अनिकेत यादव, अभिषेक सहित कार्यकारिणी एवं हिंदू समाज के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पटवारी ने निकाला दुधारू पशु का दूध

**भौरासा।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी झरनेश्वर महादेव मंदिर से टोंकखुर्द शक्ति माता मंदिर तक निकलने वाली चुनरी यात्रा मे भोपाल से झरनेश्वर महादेव मंदिर तक चुनरी यात्रा में जाते समय प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने नगर में लगने वाले पशु हाट बाजार को देखकर किसानों के बीच पहुंचे। जहां उन्होंने किसानों से मुलाकात की और चर्चा कर भैंस का दूध निकाला और कहां की भाजपा सरकार ने किसानों से दूध पर 5 रुपए बढ़ाने का वादा किया था जो अब तक नहीं बढ़ाया गया। इस अवसर पर उनके साथ ग्रामीण कांग्रेस जिला अध्यक्ष मनीष चौधरी, पवन वर्मा, बने सिंह अस्थाया सहित कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पटवारी द्वारा भैंस का दूध निकालते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।



# सड़क निर्माण की कछुआ चाल से आमजन परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



ग्राम हरनावदा में हो रहे सीसी सड़क निर्माण की कछुला चाल से आमजन परेशान है और सड़क निर्माण नहीं होने से अक्सर जाम लग जाता है। ग्राम हरनावदा में तालाब की पाल से लेकर धतुरिया निपानिया रोड तक सार्वजानिक निर्माण विभाग द्वारा सीसी सड़क निर्माण कार्य शुरू किया गया है, लेकिन काम कछुआ चाल से होने के कारण वाहन चालक और आमजन को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सीसी सड़क निर्माण अभी एक तरफ का काम भी पूरा नहीं हुआ, वहीं दूसरी तरफ तो अभी काम शुरू नहीं हुआ है,लेकिन सड़क निर्माण में कछुआ चाल और ठेकेदार की लापरवाही के चलते हुए धीमी गति से निर्माण कार्य चल रहा है जिसकी वजह से कई बार घंटों से भी अधिक देर तक वाहनों की लंबी कतार लग जाती है जिससे इमरजेंसी वाहनों को भी जगह नहीं मिल पाती है।

जनप्रतिनिधियों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंप कर सड़क निर्माण ठेकेदार द्वारा बरती जा रही लापरवाही के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करने व सड़क निर्माण कार्य को जल्दी से जल्दी पूरा करने के लिए अवगत करवाया है। गौरतलब है कि हरनावदा से होकर नवरात्रि में देवास माताजी और इकलेरा माताजी मंदिर पर लाखों की संख्या में लोग प्रतिदिन मंदिर में दर्शन करने के लिए आते जाते हैं। सड़क निर्माण कार्य के दौरान हो रही अव्यवस्थाओं के कारण मंदिर में आने जाने वाले श्रद्धालुओं को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस मामले को लेकर एसडीएम संजीव सक्सेना ने जल्द सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों से बात करके जल्द सड़क पूरा निर्माण करवाने की बात कही। वरिष्ठ अधिवक्ता दिलीप सिंह पंवार ने निर्माण एजेंसी के ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि जगह-जगह सड़क की खुदाई और निर्माण कार्य के दौरान संकेतक बोर्ड नहीं लगे होने के कारण हादसे का डर बना हुआ है जिससे पहले भी करीब तीन-चार बाइक सवार चोटिल हो चुके हैं। उसके बावजूद भी अभी तक इस मामले को लेकर सबक नहीं लिया गया। वही सड़क निर्माण को लेकर संकेतक भी नहीं लगाए गए हैं। इससे रात्रि के दौरान गुजरने वाले वाहन चालकों को भी बिना रेडियम संकेतक बोर्ड के चलते कुछ दिखाई नहीं देने के कारण हादसे का डर बना रहता है।

**जल्द होगा काम पूरा**

हरनावदा में एक तरफ की रोड पट्टी का काम पूरा हो चुका है और दूसरी तरफ की रोड पट्टी का काम अतिशीघ्र प्रारंभ किया जाएगा।

**भागवत महाजन,** एसडीओ पीडब्ल्यूडी सोनकच्छ

# टोंक खुर्द में निकाली चुनरी यात्रा में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पटवारी और पूर्व मंत्री वर्मा हुए शामिल





हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

शारदीय नवरात्र के दौरान जगह जगह माता रानी की घट स्थापना हुई है, वहीं समितियों द्वारा भव्य पांडाल सजाए गए हैं। क्षेत्र के माता मंदिरों में भक्तों की भीड़ देखी जा रही है। वही क्षेत्र में चुनरी यात्राओं का दौर भी शुरू हो गया है। इसी क्रम में गुरुवार को झनेश्वर महादेव मंदिर से पूजन पाठ कर टोकखुर्द शक्ति माता मंदिर तक एक भव्य चुनरी यात्रा निकाली गई, जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी और पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा व कांग्रेस के अन्य पदाधिकारीगण शामिल हुए। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष पटवारी ने भाजपा पर जमकर हमला किया। उन्होंने कहा कि, हम अपनी लड़ाई लगेंगे और वोट चोरों को गद्दी से हटाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि, क्या कारण है कि, मोहन यादव रोज झूठ बोल रहे है। ये मुख्यमंत्री की भाषा नहीं है। प्रदेश में गाय के मांस पर जीएसटी लगा दी गई। गजट नोटिफिकेशन जारी किया उसमे राज्यपाल के सिग्नेचर है, ये तो सरकार का है, हमारा तो है नही, उसमें आपने कहा कि गाय के मांस पर जीरो प्रतिशत जीएसटी, जबकि आप कह रहे है ये यह प्रतिबंधित है तो फिर जिक्र क्यों किया गया है। नोटिफिकेशन में गाय के मांस का या जिंदा गाय के मांस का लिखा है। हम मूर्ख है या सरकार मूर्ख है। मध्यप्रदेश में अवैध शराब बिक रही है। ये सब बीजेपी विधायक के संरक्षण में हो रहा है। ये सवाल भी बीजेपी से कीजिए। इस अवसर परजिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष मनीष चौधरी,पवन वर्मा, मनोज राजानी,रघुवीर सिंह बघेल, उत्कृष्ट वर्मा, महेंद्र सिंह तालोद,बने सिंह अस्थाया, विश्वजीत सिंह चौहान,सुरज सिंह ठाकुर, जितेंद्र सिंह गौड,सहित टोकखुर्द, सोनकच्छ, भौरासा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मौजूद रहे। पूर्व मंत्री वर्मा ने मां दुर्गा से देश व क्षेत्र में खुशहाली समृद्धि की कामना की। चुनरी यात्रा में कांग्रेस नेताओ के साथ सैकड़ो की संख्या में बच्चे, महिला, पुरुषों ने भक्ति माहौल का आनंद लिया। इसमें टोंकखुर्द जनपद अध्यक्ष पोप सिंह जिरवाय ने चुनरी यात्रा में पधारे सभी अतिथियों का आभार माना।

### संतृप्ति अभियान अंतर्गत ग्राम पंचायत क्षिप्रा सुखलिया में शिविर के दौरान दी समझाइश

# योजनाओं के माध्यम से दी जा रही सामाजिक सुरक्षा: ऋतुराज






हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

भारत सरकार के वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत क्षिप्रा सुखलिया में शिविर का आयोजन हुआ। इसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणजन शामिल हुए। शिविर में नागरिकों को बैंक की योजनाओं और सेवाओं की जानकारी दी गई तथा सभी को बैंकिंग प्रणाली से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया। जन धन खातों में केवायसी अद्यतन करने की अनिवार्यता समझाई गई, ताकि खाताधारक बीमा, पेंशन और सब्सिडी जैसी योजनाओं का लाभ ले सकें। शिविर में कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने कहा कि भारत सरकार की वित्तीय समावेशन संबंधी प्रमुख योजनाएं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति योजना, अटल पेंशन योजना को प्रभावी रूप से लागू किये जाने के लिए भारत सरकार द्वारा अभियान चलाया गया है। जिसमें बैंकर्स द्वारा अपनी सक्रिय भूमिका अदा करते हुए अभियान को सफलतापूर्वक संचालित किया गया है। सिंह ने कहा कि भारत सरकार की मंशा है कि ग्रामीणों क्षेत्रों में साक्षरता का ग्राफ और बढ़ाया जाए। इसके लिए विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं।

शासन के घटक के माध्यम से नागरिकों को जोड़ा जा रहा है और उन्हें साक्षर बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बैंक के माध्यम से नागरिकों को एक सामाजिक सुरक्षा बहुत कम दाम में उपलब्ध कराई जा रही है। प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं का लाभ भी प्रदेश वासियों को दिया जा रहा है। शासन की योजनाओं से सामाजिक सुरक्षा दी जा रही है। जिनमें जीवन बीमा योजना है जो कि कम राशि में बीमा किया जा रहा है। दुर्घटना में इस राशि के माध्यम से आपके परिवार को राशि मिलेगी। शिविर में प्रतिभागियों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन योजना की जानकारी दी गई। साथ ही साइबर सुरक्षा के तहत ग्रामीणों को ओटीपी साझा न करने, संदिग्ध लिंक से बचने और फर्जी कॉल से सतर्क रहने की सलाह दी गई। शिविर में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत एक लाभार्थी को 2 लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया। बैंक ऑफ इंडिया आंचलिक प्रबंधक राजेश कुमार द्वारा बचत एवं समाजिक सुरक्षा की योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि हम जितनी जल्दी बचत शुरू करेंगे आने वाले समय में हमें उसका उतना अधिक लाभ मिलेगा।

भारतीय रिजर्व बैंक क्षेत्रिय निदेशक रेखा चंदनावेली ने बताया कि भारत सरकार की वित्तीय समावेशन की योजनाओं का लाभ देश के प्रत्येक ग्राम तक पहुंचना चाहिए तभी योजना का सफल क्रियान्वयन हो पाएगा। प्रायः देखा गया है कि किसी भी शासकीय योजना का लाभ शहरी हितग्राही को तो मिल जाता है परन्तु ग्रामीण लोग इससे वंचित रह जाते है। इसलिये सरकार द्वारा वित्तीय समावेशन की योजनाओं का लाभ पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच जाए इसको आस्वस्त करने के लिए शिविरों का आयोजन ग्राम पंचायत स्तरों पर किया जा रहा है। चंदनावेली द्वारा री-केवायसी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह भी एक अतिआवश्यक प्रक्रिया है। जिसे हर ग्राहक अपनी बैंक शाखा में उपस्थित होकर इसे पूर्ण करना चाहिएफ जिससे सरकार द्वारा संचालित अन्य योजनाए जिनमें सीधे लाभार्थी के खातो में राशि अंततित होती है उनका भी लाभ समय पर व सुरक्षित रूप से हितग्राही को मिलता रहे।

कार्यक्रम के दौरान जागरूकता हेतु शिक्षाप्रद नाट्य कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसके माध्यम से सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में लगभग 12 राष्ट्रीकृत बैंको ने अपनी सहभागिता की। कार्यक्रम में उप महाप्रबंधक भारतीय रिजर्व बैंक रोशनी हजेला, अग्रणी जिला प्रबंधक प्रकाश केवलरमानी, जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड ओजस्वी दीक्षित, क्षेत्र प्रबंधक मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक आशिष शर्मा एवं ग्राम पंचायत सरपंच विश्वास उपस्थित थे।

# निगम आयुक्त कुमार ने राजस्व कर वसूली की समीक्षा संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

नगर निगम की राजस्व वसुली मे संपत्तिकर, जलकर, दुकान किराया, ट्रेड लाइसेंस, उपभोक्ता प्रभार शुल्क की वर्तमान वसुली की समीक्षा गुरुवार को निगम आयुक्त दलीप कुमार ने की।

समीक्षा के दौरान आयुक्त ने व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, बडे संपत्तिकर, जलकर एवं दुकान किराए की राशि के बकाया करों की सख्ती से वसूली करने निर्देश निगम राजस्व अमले को दिए। आयुक्त ने औद्योगिक क्षेत्र मे उद्योगों के संपत्ति कर की भी समीक्षा, जिसमें 604 औद्योगिक ईकाईयों की जानकारी व इनसे वसुली योग्य संपत्ति कर राशि वसुल की गई एवं बकाया वसुली के बारे मे विस्तृत रूप से जानकारी उपायुक्त वित्त दिपक पटेल एवं ई नगर पालिका अधिकारी आनंद प्रजापत के द्वारा दी गई।

समीक्षा के दौरान आयुक्त ने कहा कि जो औद्योगिक इकाइयां वर्तमान मे जो संपत्ति कर जमा कर रही हैं उनके निर्मित संपत्ति कर योग्य क्षेत्रफल का भौतिक सत्यापन करें। साथ ही जो औद्योगिक इकाइयां बंद या कम क्षेत्रफल पर चल रही है उनकी गहन समीक्षा कर उसका भी एक विस्तृत प्रतिवेदन तैयार कर वसुली की कार्यवाही करें।आयुक्त के द्वारा बैठक मे शहर मे स्थित व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से संपत्ति कर की वसूली शत प्रतिशत करने के निर्देश भी जारी किये गये। इसमे राजस्व का अमला मैदानी रूप से क्षेत्रफलों का भौतिक सत्यापन भी करे।

व्यावसायिक होने पर आवासीय क्षेत्रफल दर्शाकर संपत्ति कर भरने वाले मुख्य रूप से केन्द्रीत कर कार्यवाही करें। बैठक मे आयुक्त के द्वारा संपत्तियों की जीआईएस सर्वे की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली गई तथा जब तक जीआयएस सर्वे शत प्रतिशत पूर्ण नही हो पाता है तब तक वार्ड वसूली कर्ता अपने विवेक से संपत्तियों का सही मूल्यांकन करने के भी निर्देश जारी किये गये।

आयुक्त के द्वारा शहर मे स्थापित व्यवसायिक दुकानों के ट्रेड लायसेंस की वसुली व लाईसोसों की संख्या की जानकारी लेने के उपरांत कहा कि जो दुकानदार निगम लाईसेंस के दायरे मे आता है एवं उसने लाईसेंस नही लेकर अपना व्यवसाय कर रहा है तो उसकी भी जांच करें तथा जारी लायसेंस के नवीनीकरण नही कराने की दशा मे पैनाल्टी भी लगाने की कार्यवाही करें। आयोजित हुई बैठक मे घरों घर कचरा संग्रहण की उपभोक्ता प्रभार की राशि की वसुली की समीक्षा की गई।

## खबर संक्षेप



### कन्या भोज से दिया सम्मान का संदेश

**ललितपुर।** नवरात्रि के चतुर्थ दिवस पर युवा संघ द्वारा एक विशेष सामाजिक पहल की गई, जिसमें गरीब और वंचित कन्याओं का सम्मान किया गया। यह कार्यक्रम न केवल कन्याओं के प्रति आदर का प्रतीक बना, बल्कि समाज में समानता और सम्मान का संदेश भी दिया गया। युवा संघ क सदस्यों ने कन्याओं का पूजन कर उन्हें देवी स्वरूप मानते हुए ससम्मान भोजन कराया। इस अवसर पर आयोजित कन्याभोज का विशेष महत्व है। यह न केवल समुदाय में बच्चों और कन्याओं के प्रति सम्मान को बढ़ावा देता है, बल्कि सामाजिक चेतना और मानवता की भावना को भी मजबूत करता है। युवा संघ के संयोजक ने कहा कि हर कन्या समाज की एक अनमोल धरोहर है, और हमें उन्हें हर स्तर पर सम्मान और सुरक्षा प्रदान करनी चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि इस तरह के कार्यक्रम समानता, आदर और सामाजिक जिम्मेदारी की सीख देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम की सफलता में युवा संघ के सभी सदस्यों का योगदान सराहनीय रहा।

### उलाहना देने गए युवक से मारपीट

**ललितपुर।** नगर के मोहल्ला वंशीधाम कालोनी में रहने वाले शिवम यादव पुत्र राजपाल यादव ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 23 सितम्बर को रात करीब 8.30 बजे उसकी माता ने बताया कि पड़ौस में रहने वाले चन्द्रभान यादव व भानसिंह यादव पुत्रगण लल्लू यादव गालियां दे रहे हैं। जब वह इसका उलाहना देने गया तो उक्त लोगों ने उसके साथ गालियां देते हुये मारपीट कर दी और ईंट फेंककर मारी, जो कि उसके चचेरे भाई राकेश को लगी, जिससे वह घायल हो गया। आरोप है कि दोनों उसे जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### नाली से पानी निकासी को लेकर मारपीट का आरोप

**ललितपुर।** नाराहट रोड सरस्वती विद्या मंदिर के पास रहने वाले रामलखन चौरसिया पुत्र रघुवर ने महरौनी पुलिस को शिकायती पत्र देते हुये बताया कि उन्होंने एक प्लाट सरस्वती विद्या मंदिर के पीछे खरीदा था, जहां उन्होंने मकान बनाया है। उसी जगह पर पड़ोसी उदय उर्फ मिमो रत्नाकर पुत्र महेन्द्र खटीक वउसकी मां उमा पत्नी महेन्द्र खटीक नाली से पानी नहीं निकलने दे रहे हैं। कारण पूछने पर उक्त लोग गालियां देते हुये विवाद पर आमादा हो जाते हैं। बुधवार को शाम करीब 7.30 बजे पड़ौसी उदय ने उसे व उसकी पत्नी मीना को गालियां देने लगे। विरोध करने उदय ने उसके बाये पैर के घुटने में डण्डा मार दिया और उसकी मां व पत्नी से भी मारपीट की। मौके पर शेरसिंह यादव पुत्र लाखन सिंह, सीता पत्नी शेरसिंह व जानकी प्रसाद पुत्र भागीरथ कुर्मी, सुनील दुबे पुत्र रामकिशोर ने बीच-बचाव किया। आरोप है कि उक्त लोग उन्हें एससीएसटी एक्ट के झूठे मामले में फंसाने की धमकी देते हुये जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### जिम में महिला व युवती में हुई मारपीट

**ललितपुर।** जिम करने गयीं महिला व युवती में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि मामला कोतवाली तक जा पहुंचा। कोतवाली पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। आजादपुरा द्वितीय में रहने वाली रजनी कुशवाहा पत्नी राकेश कुशवाहा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह बुधवार को सुबह करीब 8.30 बजे इलाइट स्थित जिम गयी हुयी थी। यहां नेहरूनगर निवासी साक्षी नामदेव व चण्डी मंदिर के पास रहने वाले वरूण नामदेव दोनों आये और उसके साथ गालियां देने लगे। मारपीट कर दी। उसे जमीन पर घसीट कर मारा और जान से मारने की धमकी दी।

# नई जीएसटी लागू करने को लेकर भाजपा ने दिया जनता को संदेश

## बहुत सी आवश्यक वस्तुओं पर टैक्स कम करने को लेकर जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



भारतीय जनता पार्टी की ललितपुर इकाई ने आज प्रेस वार्ता कर केन्द्र सरकार द्वारा जेन जी एस टी रिफार्म चार स्लेब से दो स्लेब कर सरलीकरण करने और बहुत सी आवश्यक वस्तुओं पर टेक्स कम करने को लेकर जानकारी दी।

पार्टी के मुख्य वक्ता पूर्व जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी प्रदीप चौबे ने जी एस टी विषय की प्रस्तावना रखी और विस्तृत जानकारी दी उन्होंने बताया कि भारतीय अर्थव्यवस्था मुख्यतः कृषि पर आधारित होने के कारण जी एस टी में कृषि क्षेत्र और किसानों को लेकर बहुत राहत दी गई है। किसानों के लिए ट्रेक्टर,कृषि सम्बन्धी उपकरण, उर्वरकों, कीटनाशक, उन्नत बीज आदि में टेक्स स्लैब में भारी राहत देकर किसानों को लाभान्वित किया है और और किसानों की आमदनी दुगनी करने की दिशा में आगे कदम बढ़ाया है इसी तरह किसानों और ग्रामीण समाज द्वारा कुटीर उद्योग के माध्यम से किये जाने बाले उत्पादों में भी राहत देने का काम किया है। जीएसटी रिफॉर्म के माध्यम से बहुत बड़ी राहत दी। इसके बाद जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने पत्रकारों से कहा कि नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफॉर्म के माध्यम से बहुत बड़ी राहत दी है ।अब पुरानी चार स्तरीय व्यवस्था खत्म कर के सिर्फ 5%एवं 18% की दरें रखी गयी हैं जिससे आम आदमी लाभान्वित हुआ है और जब कि विलासिता की वस्तुओं पर यह कर बढ़ाया गया है ।इसमें कैंसर एवं अन्य जीवन रक्षक की दवाओं को टैक्स से अलग कर गरीबों को भारी राहत देने का कार्य किया गया है।कृषि और किसानों को लेकर ट्रैक्टर पर भारी टैक्स राहत दी गई है।शिक्षा क्षेत्र में विद्यार्थियों के द्वारा उपयोग की जाने बस्तुओ को बहुत सस्ता कर दिया गया है। सरकार ने चार स्लैब से दो स्लैब कर सरलीकरण कर के व्यापारियों को आफीसियल काम से काफी राहत दी है ।यह जी एस टी का सरलीकरण मा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने भारतीय जनता पार्टी के संकल्प ,समाज की आखिरी पंक्ति तक खड़े व्यक्ति तक विकास की रोशनी ले जाने का उद्देश्य लेकर किया गया है।अन्त में भारतीय जनता पार्टी के जी एस टी कार्यक्रम के जिला संयोजक राजकुमार जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री बब्बू राजा बुन्देला, महेश श्रीवास्तव भैया, बंशीधर श्रीवास, जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र गुरु, युवा मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष गौरव गौतम,हरेन्द्र प्रताप सिंह बुंदेला,अमोल पाठक, मनीष बामौरा, सचिन साहू,आदि उपस्थित रहे।

## शारदीय नवरात्रि व त्योहारों को लेकर सतर्कता बरतने के निर्देश

# गूगल मीट कर एसपी ने जानी कानून व्यवस्था की हकीकत

## मिशन शक्ति 5.0 के सफल क्रियान्वयन पर भी रखें फोकस

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने गूगल मीट से जिले के राजपत्रित अधिकारी, थाना, शाखा प्रभारियों के साथ अपराध एवं कानून-व्यवस्था व आगामी त्यौहार के सम्बन्ध में जूम मीटिंग कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान का सफल क्रियान्वयन तथा स्कूल, कॉलेज, कोचिंग सेन्टर, प्रमुख बाजार, धार्मिक स्थलों व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर महिला सुरक्षा जागरुकता के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। महिला संबंधी अपराध को प्राथमिकता देते हुये उनका समयबद्ध,उचित निस्तारण व आवश्यक कार्यवाही किये जाने, एण्टीरोमियो के तहत की जाने वाली कार्यवाही के दौरान थाना प्रभारी स्वयं समय-समय पर जाकर स्कूल कॉलेज, कोचिंग संस्थानों आदि सार्वजनिक स्थानों के बाहर घूम रहे शोहदों के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने, सुरक्षा एव कानून-व्यवस्था के दृष्टिगत शारदीय नवरात्रि व आगामी त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराने, लूट, डकैती, नकबजनी, चोरी, झपटमारी के अपराधों से सम्बन्धित, विशेष अभियान चलाकर अपराधियों का सत्यापन करने व घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने, रात्रि में प्रभावी रूप से चेकिंग, गस्त करने, आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों पर सतर्क दृष्टि रखते हुये उनके विरुद्ध आवश्यक निरोधात्मक कार्यवाही अपने स्तर से कराना सुनिश्चित करने, जिससे कि अवैध विस्फोटक पदार्थों, अवैध शस्त्रों, अवैध शराब निर्माण व बिक्री, जुआ, सट्टा आदि अवैध कार्य किसी भी दशा में जनपद में न हो सकें।

कानून-व्यवस्था को सुदृढ बनाने के उद्देश्य से प्रत्येक थाना क्षेत्र में अधिक से अधिक संख्या में गुणवत्तापूर्ण सीसीटीवी कैमरे लगवाने तथा उनकी चैकिंग करने, आईजीआरएस पोर्टल/जनसुनवाई पर प्राप्त शिकायतो की प्रतिदिन समीक्षा कर, उनका उचित, समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराकर आवेदक की समस्या का शत-प्रतिशत निराकरण कराने, शिकायतकर्ता से शत -प्रतिशत फीडबैक लेना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। अवैध शस्त्रों, अवैध शराब निर्माण व बिक्री, जुआ, सट्टा आदि प्रकार के अवैध कार्य में कार्यवाही करने, वांछित, पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर, यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने रखने हेतु समस्त थाना प्रभारी, यातायात प्रभारी प्रतिदिन बिना नम्बर प्लेट वाहनों की प्रभावी चैकिंग करने तथा दो व चार पहिया वाहनों व सवारी वाहनों में निर्धारित क्षमता से अधिक सवारी बैठाने, हेलमेट, सीट बेल्ट का उपयोग न करने वाले तथा रोड़ पर स्टंटबाजी करने वाले वाहन चालकों, स्वामियों के विरूद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया।

## जल सहेलियों ने निभाई भूमिका

# मानसरोवर तालाब पर चला स्वच्छोत्सव अभियान



तालबेहट। स्वच्छोत्सव कार्यक्रम में श्री हजारिया महादेव मंदिर, तालबेहट स्थित मानसरोवर तालाब पर एक व्यापक सफाई अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला गंगा समिति ने परमार्थ समाज सेवी संस्था के सहयोग से किया गया, जिसमें जल सहेलियों और राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया ' अभियान का मुख्य उद्देश्य तालाब के घाटों और तटों को कूड़े-कचरे से मुक्त करना तथा जनजागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन औए उपरांत पौधरोपण से हुई' मुख्य अतिथि प्रभागीय निदेशक गौतम ने कहा, नमामि गंगे परियोजना सिर्फ गंगा नदी तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका लक्ष्य सभी जल स्रोतों को स्वच्छ और पुनर्जीवित करना है। जल सहेलियों के सक्रिय सहयोग से यह अभियान और भी सार्थक बन पड़ा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नगर पंचायत अध्यक्ष पुनीत सिंह परिहार ने कहा कि नगर पंचायत स्वच्छता के हर कार्य में क्षेत्रवासियों के लिए सदैव तत्पर रहेगा ' आसपास के निवासियों से अपील की गई कि वे तालाब के किनारे कूड़ा न फेंकें और इसकी स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग दें। परमार्थ संगठन के संस्थापक संजय सिंह ने कहा कि वर्तमान में तालाब की स्वच्छता के लिए जो युवा कार्य कर रहे है वह सराहना के पात्र है ' जल सहेलियों के साथ मिलकर इस तरह के कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे ' परमार्थ संस्था के परियोजना प्रबंधक सिद्धगोपाल सिंह ने बताया कि जल सहेलियों द्वारा समूचे बुंदेलखंड में निरंतर जल संरक्षण व नदी पुनर्जीवन पर कार्य किये जा रहा है ' अनुपम लिटोरिया ने तालाब के प्राचीन इतिहास के बारे में जानकारी साँझा की 'कार्यक्रम के अंत में परियोजना अधिकारी जिला गंगा समिति केतन दुबे ने सभी का आभार व्यक्त किया और कहा कि इस स्वच्छता अभियान ने मानसरोवर तालाब की सफाई के साथ समुदाय के बीच स्वच्छता के प्रति एक नई ऊर्जा का संचार भी किया है ' कार्यक्रम में क्षेत्रीय वनाधिकारी प्रभु दयाल यादव, वन दरोगा पवन कुमार, वन रक्षक रंजना बाजपेयी, भूपेंद्र कुमार, अनिल कुमार, रीना रजा, प्रकृति रक्षक विक्रांत गौर, मानवेन्द्र सिंह मौजूद रहे।

## बधिरों के अंतरराष्ट्रीय सप्ताह पर हुई गोष्ठी संपन्न

# विकासशील देशों में सर्वाधिक बधिरों की जनसंख्या




ललितपुर । मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार में वधिरों के अंतर्राष्ट्रीय सप्ताह वर्ल्ड की गोष्ठी आयोजित की गयी। फेडरेशन ऑफ डेफ के अनुसार, वर्तमान समय तक दुनियाभर में लगभग 70 मिलियन से ज्यादा लोग आंशिक या पूर्ण रूप से बधिर या सुनने में अक्षमता से पीड़ित हैं. जिनमें से 80% से अधिक विकासशील देशों से हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डा इम्तियाज अहमद ने बताया कि तेज आवाज में लम्बे समय तक हेडफोन के प्रयोग से बहरेपन की समस्या हो सकती है। बधिरता या सुनने में अक्षमता कई कारणों से हो सकती हैं लेकिन एक बार इस समस्या का शिकार होने पर पीड़ित को दूसरों से कम्यूनिकेशन या संवाद स्थापित करने के अलावा और भी कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है. जैसे नौकरी स्थल या समाज में दूसरे लोगों से घुलने-मिलने में समस्या आदि. यहां तक की कई बार बधिर लोगों को सिर्फ समाज में ही नहीं बल्कि रिश्तेदारों या परिवार में भी उपेक्षा का सामना भी करना पड़ता है। नोडल अधिकारी एनसीडी डा अमित तिवारी ने बताया कि बधिरता के कारणों को समझते हुए तथा समय से उसके इलाज के लिए प्रयास करने के साथ ही बधिर लोगों को समाज में आर्थिक रूप से मजबूत बनाने तथा सामान्य जीवन जीने में उनकी मदद करने के लिए मौके बनाने के लिए प्रयास करना भी बेहद जरूरी है. इसी उद्देश्य से हर साल सितंबर माह के आखिरी सप्ताह को बधिरों के अंतर्राष्ट्रीय सप्ताह के रूप में मनाया जाता है तथा सितंबर माह के आखिरी रविवार को ₹विश्व बधिर दिवस के रूप में मनाया जाता है. इस साल वर्ल्ड हे ऑफ डेफ को ₹सांकेतिक भाषा के अधिकार के बिना कोई मानवाधिकार नहीं थीम पर मनाया जा रहा है. पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट डा सौरभ सक्सेना ने बताया कि आमजन को बधिरता से जुड़े कारणों, उसके इलाज तथा प्रबंधन के लिए जागरूक करने तथा इससे पीड़ित लोगों के लिए हर संभव मदद मुहैया कराने व सहयोगी वातावरण तैयार करने के लिए प्रयास करने के उद्देश्य से सितंबर के अंतिम सप्ताह को भी अंतर्राष्ट्रीय बधिर सप्ताह के रूप में मनाया जाताहै। पिछले कुछ सालों में अलग-अलग कारणों से दुनिया भर में श्रवण हानि से जुड़े मामलों में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है. विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, एक अरब से अधिक लोगों को स्थायी श्रवण हानि का खतरा है. इसी के तहत विश्व बधिर दिवस व सप्ताह के दौरान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं. जिनमें धवण हानि के प्रकार और कारणों के बारे में जागरूकता पैदा करने, बधिरता से जुड़ी जरूरी बातों व सूचनाओं के बारे में जागरूकता फैलाने तथा संकेतिक भाषा को लेकर जागरूकता फैलाना उसे सीखने के लिए आम जन को प्रेरित करना शामिल हैं। जिससे बधिरता का सामना कर रहे लोगों के जीवन को ज्यादा बेहतर बनाया जा सके।

# विद्वान जैन दर्शन की अमूल्य धरोहर: निर्भय सागर




दो दिवसीय राष्टीय विद्वत संगोष्ठी का समापन

**ललितपुर।** जैन अटामंदिर में दिगम्बर जैन पंचायत समिति के तत्वावधान में दो दिवसीय राष्ट्रीय विद्वत संगोष्ठी वैज्ञानिक संत आचार्य श्री निर्भयसागर महाराज में के ससंघ सानिध्य में हुआ जिसमें विद्वानों ने जैन दर्शन को विस्तार से बताते हुए वर्तमान में संस्कृति परम्पराओं एवं मूल्यों की रक्षा में पुरानी पद्धतियों को आवश्यक बताया।

संगोष्ठी के शुभारम्भ में पंचायत समिति के पदाधिकारियों द्वारा मंगल कलश की स्थापना की तथा आमंत्रित विद्वानों ने आचार्य श्री के चित्र के सम्मुख दीपप्रज्जवलित किया। श्रमण मुनि शिवदत्त सागर महाराज ने विद्वत संगोष्ठी के औचित्य पर प्रकाश डाला। मंगलाचरण दिगम्बर जैन महिलजा समिति एवं ब्रह्मी सुन्दरी संभाग महिला मण्डल द्वारा किया गया। आचार्य श्री के पादप्रक्षालन का पुण्यार्जन विद्वत संगोष्ठी में आमंत्रित विद्वानों द्वारा किया गया। दिगम्बर जैन पंचायत के अध्यक्ष डा अक्षय टडया महामंत्री आकाश जैन, मंत्री कैप्टन राजकुमार जैन, मंदिर प्रबंधक अजय जैन गंगचारी, मनोज जैन बबीना द्वारा आमंत्रित विद्वानों को सम्मानित किया गया। विद्वत्त परिषद के उपाध्यक्ष डा सुरेन्द्र भारती ने संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए जैन दर्शन में संस्कृति और संस्कारों पर चर्चा कर अपनी मंगलभावना निवेदित की। उन्होने कहा विद्वानों ने जैन दर्शन की अमूल्य धरोहर का संरक्षण किया है उनके द्वारा ही आज जैन धर्म की प्रभावना हो रही है और उसी का परिणाम है कि आज हम सभी जिनवाणी का सरल रूप में रस्सवादन कर रहे हैं।

जीवाजी विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर अशोक जैन ग्वालियर ने जैनधर्म में विज्ञान की भूमिका पर चर्चा कर अपने आलेख को प्रस्तुत किया। वक्ताओं ने ललितपुर के गौरव शाली धर्मपरायणता का जिक्र किया और इसे विद्वानों की जाननी बताते हुए कहा यहां से निकले विद्वान पूरे देश में जैन धर्म की प्रभावना कर रहे है। संगोष्ठी की संयोजना डा० नीलम शास्त्री ने करते हुए द्रव्य की मीमानसा वैज्ञानिक परिपेक्ष्य में प्रस्तुत की और कहा जैन धर्म निवृत्ति प्रधान धर्म है इसमें मुक्त्ति और उसके कारणों की मीमांसा सांगोपांग बड़ी सुगमता के साथ की गई है। आचार्य निर्भय सागर महाराज ने विद्वान को जिनवाणी का लाल बताते हुए कहा पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव में मानव अपनी संस्कृति परन्पराओं मूल्यों को भूल रहे हैं। आज धर्म गौण होता जा रहा है आधुनिक सुविधाओं ने हमारे जीवन की आलसी बना दिया है। उन्होने कहा विद्वत संगोष्ठी में विद्वान जहां धर्म के विभिन्न पहलुओं पर मंथन करते हैं वहीं उनके सोच से समाज को सकारात्मक भावना का उदय होता है।

## सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने समझा दर्द

# पीड़ित परिवार के प्रति सहयोग की भावना प्रस्तुत की



**ललितपुर।** बीते दिनों पुत्र के जेल जाने से मानसिक रूप से परेशान शहर के व्यापारी लक्ष्मी नारायण राठौर द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने की घटना का समाजवादी पार्टी के मुखिया एवं पीडीए के जन नायक कन्नौज सांसद एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने संज्ञान लिया है, उन्होंने इस हृदय विदारक घटना पर दुःख जताते हुए पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता भेजी है। बताते चलें कि विगत दिनों शहर के एक मुहर व्यापारी शिवम् राठौर पर एक कम्पनी की फर्जी मुहर बनाने के आरोप में पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इस घटना से क्षुब्ध होकर पिता लक्ष्मीनारायण राठौर ने मध्यप्रदेश के टीकमगढ़ जिले स्थित एक होटल में रूम लिया था, जहां से वह जमानत के लिए उन्हें इलाहाबाद निकलना था। इसी बीच रात में उन्होंने होटल में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली थी। इस घटना से आक्रोशित परिजनों ने न्याय की मांग को लेकर इलाईट चौराहे पर शव रखकर प्रदर्शन किया था, इस सारे घटनाक्रम की पर पल की जानकारी जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव सपा मुखिया अखिलेश यादव को देते रहे। उन्होंने घटना पर गहरा दुःख जताया है और पीड़ित परिवार के लिए सांत्वना के तौर पर एक लाख रूपए की आर्थिक सहायता पहुंचाई है। शुक्रवार को समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल मंडल पीड़ित परिवार के घर पहुंचेगा।

## पहलवान गुरुदीन कॉलेज ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी में विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया

# दवाइयों की गुणवत्ता व उसके प्रयोग की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर




पहलवान गुरुदीन कॉलेज ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, द्वारा विश्व फार्मासिस्ट दिवस बड़े उत्साह एवं धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर एक बृहद कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों, अध्यापकों एवं विशिष्ट अतिथियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि में मान्यवर कांशीराम जिला अस्पताल ललितपुर से फार्मासिस्ट पद पर कार्यरत एस के सचान एवं सी पी सिंह तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पहलवान गुरुदीन ग्रुप ऑफ कॉलेज डायरेक्टर डॉ सौरभ यादव, महिला महाविद्यालय प्राचार्य डॉ सूफिया मैडम, प्रशिक्षण महाविद्यालय प्राचार्य डॉ महेश कुमार झा, नर्सिंग प्राचार्या डॉ आंचल यादव, गृह विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ वंदना यज्ञिक, पब्लिक स्कूल प्राचार्य इं विनय रावत, डीएल एड विभागाध्यक्ष डॉ राम लखन यादव, बी एड विभागाध्यक्ष डॉ रत्ना यज्ञिक ,कृषि विभागाध्यक्ष डॉ भजन लाल साहू, हिन्दी मीडियम पब्लिक स्कूल प्रधानाचार्य रक्षपाल सिंह एवं फार्मेसी विभागाध्यक्ष डॉ विनोद यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से किया गया। विशिष्ट वक्ता डॉ सूफिया मैडम ने बताया कि विश्व फार्मासिस्ट दिवस हम सभी को यह स्मरण कराता है कि स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में फार्मासिस्ट की भूमिका कितनी महत्वपूर्ण है।

### गुणवत्तापूर्ण उपचार सुनिश्चित करना हमारा परम कर्तव्य

*दवा की सही जानकारी, रोगियों की सुरक्षा, और गुणवत्तापूर्ण उपचार सुनिश्चित करना हमारा परम कर्तव्य है। इस दिन हम यह संकल्प लें कि अपने ज्ञान और सेवाओं से समाज के हर व्यक्ति को बेहतर स्वास्थ्य उपलब्ध कराएँगे। एवं प्रशिक्षण महाविद्यालय प्राचार्य डॉ महेश कुमार झा ने कहा कि विश्व फार्मासिस्ट दिवस हमें यह प्रेरणा देता है कि फार्मासिस्ट न केवल रोगियों के उपचार में सहयोगी हैं, बल्कि एक स्वस्थ और जागरूक समाज के निर्माण में भी अहम भूमिका निभाते हैं। तत्पश्चात विभागाध्यक्ष डॉ० विनोद यादव ने भाषण में फार्मासिस्ट की भूमिका को ₹स्वास्थ्य सेवा में विश्वसनीय साथी₹ बताते हुए उनके महत्व को रेखांकित किया। इस अवसर पर विभिन्न शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियाँ जैसे ह्र पोस्टर प्रजेंटेशन, वाद-विवाद प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता, संगोष्ठी तथा सामुदायिक जनजागरूकता रैली आयोजित की गईं। विद्यार्थियों ने स्वास्थ्य सेवाओं में फार्मासिस्ट की अहम भूमिका को आकर्षक तरीके से प्रस्तुत किया। विशेष व्याख्यान में विशेषज्ञ वक्ताओं ने ह्लफार्मासिस्ट: रोगी सुरक्षा और दवा प्रबंधन का आधारह्व विषय पर अपने विचार साझा किए। इसके साथ में विजयी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाणपत्र वितरण कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में असि प्रो पुष्पेंद्र गौतम ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए आगामी वर्षों में भी इस प्रकार की शैक्षणिक एवं सामाजिक गतिविधियों के आयोजन का संकल्प लिया गया। इस कार्यक्रम में फार्मेसी विभाग के प्राध्यापक असि प्रो पुष्पेंद्र गौतम, असि प्रो सरस्वती कुर्मी असि प्रो करन, असि प्रो अरविन्द अहिरवार, असि प्रो नीतेश विश्वकर्मा, असि प्रो अश्विनी प्रजापति, सुरभि झा असि प्रो मानसी यादव असि प्रो नेहा सम्मिलित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन बी फार्मा तृतीय वर्ष के छात्र शिवम राठौर एवं नंदिनी विश्वकर्मा ने किया।*

हाइवे किनारे ट्रक-डंपर की हुई भिड़ंत, एक्सीडेंट जोन है धनोरा जोड़, पहले भी हुए कई हादसे

# खड़े डंपर से टकराया एसिड भरा ट्रक ट्रक ड्राइवर की मौत, क्लीनर गंभीर




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

बुधवार को सारंगपुर समीप धनोरा जोड़ नेशनल हाईवे पर खड़े डंपर क्रमांक एमपी 08 एचए 0319 को पीछे से आ रहे एसिड से भरे ट्रक क्रमांक यूपी 78 सीएन 3749 की खतरनाक भिड़ंत हो गई। ट्रक ड्राइवर ट्रक में ही फंस गया हादसे में ट्रक ड्राइवर गुलजार कुरैशी पिता मोहम्मद सईद निवासी बारादेहात, कानपुर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि क्लीनर



मुजाहिद रजा गंभीर रूप से घायल हो गया। हाईवे एंबुलेंस से घायल को सिविल अस्पताल सारंगपुर पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर नयन नागर ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल शाजापुर रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम रोहित बम्होरे, एसडीओपी अरविंद सिंह और थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा टोलकर्मी की टीम तथा पेट्रोलिंग टीम और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हाईवे से हटवाकर यातायात सुचारू कराया। खबर लिखे जाने तक मृतक के परिजनों का इंतजार किया जा रहा था, जिसके बाद पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जाएगी।

### दूसरी घटना में अकोदिया रोड पर वेन ने मारी युवक को टक्कर

वही दूसरी घटना कृषि उपज मंडी के सामने अकोदिया रोड़ पर स्कूल वेन ने एक युवक को टक्कर मार दी जिससे युवक गंभीर घायल हो गया जिसको मंडी व्यापारी अभिनंद पाटीदार,राजू जैन निजी वाहन से सिविल अस्पताल लाए जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर शाजापुर रेफर कर दिया। जानकारी अनुसार युवक मनीष पिता गोवर्धन मालवीय उम्र 35 वर्ष निवासी मोदीपुर की पत्नी सिविल अस्पताल सारंगपुर में भर्ती है युवक रिश्तेदार के यह ग्राम किठौर से भोजन करके सारंगपुर आ रहा था जहां उसका एक्सीडेंट हो गया।

### धनोरा जोड़ बना हुआ है एक्सिडेंटल जोन

हाइवे बनने के पहले भी यहां पर कई बडी दुर्घटनाएं हुई है जिसमें हजारों लोग अपनी जान गंवा चुके है। इस दुर्घटना में भी हाइवे पर डंपर खडा कर दिया गया और आने वाली गाडी उसमें घुस गई जिसके कारण एक की मौत और एक गंभीर रूप से घायल हो गया है। उल्लेखनीय है कि सारंगपुर में अवैध खनन करने वाले अपना डंफर साइड से लगाने की जगह इसी तरह हाइवे पर कहीं भी खडा कर देते है जिससे दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है। पुलिस को इस पर अंकुश लगाने की आवश्यकता है।

गरिमामयी कार्यक्रम में रहेंगे गणमान्य मौजूद

# आज होगा महाराणा प्रताप प्रतिमा का अनावरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के प्रदेश संगठन मंत्री जितेंद्र सिंह बरखेड़ी द्वारा प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए बताया कि वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 136 वीं प्रतिमा का भव्य अनावरण नगर ब्यावरा में वीरता, स्वाभिमान और इतिहास को नई पहचान दिलाने के उद्देश्य से महाराणा प्रताप जी की प्रतिमा का भव्य अनावरण कार्यक्रम 25 सितम्बर 2025, गुरुवार को दोपहर 12 बजे महाराणा प्रताप चैराहा, राजगढ़ बाईपास रोड, ब्यावरा (म.प्र.) में किया जाएगा। इस ऐतिहासिक अवसर पर राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना ब्यावरा एवं समस्त राजपूत समाज के पदाधिकारी, समाजजन एवं विभिन्न सामाजिक हिन्दू संगठन उपस्थिति दर्ज कराएँगे।

### कार्यक्रम की शोभा बढाएंगे गणमान्य अतिथि

इस भव्य कार्यक्रम में निम्न अतिथि उपस्थित रहेंगे जो इस अवसर पर समाज के इतिहास, संस्कृति एवं गौरव से जुड़े वक्तव्य होंगे और महाराणा प्रताप के शौर्य व बलिदान का स्मरण किया जाएगा। योगेंद्र सिंह कटार - राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना, ठाकुर शिव प्रताप सिंह चैहान - प्रदेश अध्यक्ष, प्रियव्रत सिंह खींची पूर्व कैबिनेट मंत्री, जयवर्धन सिंह राघोगढ़ पूर्व मंत्री, राज्यवर्धन सिंह, नरसिंहगढ़ पूर्व विधायक, नारायण सिंह पवार राज्य मंत्री मध्य प्रदेश शासन, राजपाल सिंह सिसोदिया प्रदेश प्रवक्ता भाजपा, रामचंद्र दांगी पूर्व विधायक ब्यावरा, चंदर सिंह सोंधिया जिला पंचायत अध्यक्ष, पवन कुशवाहा नगर पालिका अध्यक्ष आदि रहेंगे।

## मीना समाज युवा संघ प्रदेश अध्यक्ष योगेश पटेल का किया स्वागत



**ब्यावरा।** अपने प्रवास के दौरान बीती रात्रि को ब्यावरा आए मीना समाज सेवा संगठन के युवा संघ प्रदेश अध्यक्ष योगेश पटेल खातेगांव देवास का स्थानीय मीणा समाज धर्मशाला पर सामाजिक जनों द्वारा पुष्पहरो से स्वागत किया गया। श्री पटेल खातेगांव देवास से शिवपुरी जा रहे थे, इसी दौरान उनका युवा संघ जिला अध्यक्ष दिनेश मीणा, धर्मशाला अध्यक्ष रामगोपाल नेताजी, राकेश मीणा, आशीष मीणा, कपिल मीणा, रामकुमार मीणा सहित अन्य सामाजिक बंधु मौजूद थे।

खाद्य एवं औषधी प्रशासन विभाग के द्वारा की जा रही कार्रवाई

# मिलावट पर नकेल कसने दूध निर्मित उत्पादों के लिए सैंपल, जांच करने भेजे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले के विभिन्न स्थानों से मिलावटी सामानों की बिक्री के मामले कई बार सामने आ चुके हैं। अधिकतर मामलों में दूध जनित पदार्थों में मिलावट कर उन्हें मार्केट में खपाया जाता है। यह दूध भी विभिन्न तरह के कैमिकल सहित अन्य पदार्थों को मिलाकर बनाने की शिकायतें अक्सर सामने आ रही हैं।

इसी के चलते कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा के निर्देशों पर खाद्य एवं औषधी प्रशासन विभाग द्वारा जिले के विभिन्न स्थानों पर लगातार कार्यवाहियां करते हुए खाद्य सामग्रियों की सैंपलिंग की जा रही है। इसी कड़ी में गत दिवस खाद्य एवं औषधी प्रशासन अधिकारी शिवराज पावक ने ब्यावरा क्षेत्र के मलावर में पुलिस टीम के साथ कुछ प्रतिष्ठानों पर पहुंचकर दुग्ध सामग्रियों के नमूने लेकर उन्हें जांच के लिए लेबोरेट्री भिजवाया है। पावक ने बताया कि मलावर स्थित अजनार डेरी एग्रो फूड्स प्राइवेट लिमिटेड से दूध, पनीर, दही एवं स्किम्ड मिल्क पाउडर का सैंपल जांच के लिए लिया गया है। इसी तरह श्रीराम मिल्क चिलिंग सेंटर खानपुरा से भी मिल्क का सैंपल जांच हेतु लिया गया।

### जांच रिपोर्ट होने पर करेंगे आगामी कार्यवाही

पावक ने बताया कि लैबोरेट्री से सैंपल रिपोर्ट प्राप्त होने पर संबंधित पर आगामी कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। अभिहीत अधिकारी सीएमएचओ डॉ. शोभा पटेल के मार्गदर्शन में संपूर्ण जिले में इस तरह की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी। उल्लेखनीय है कि जिले में पॉमोलिव ऑईल सहित अन्य तरह के कैमिकल मिलाकर नकली दूध बनाने और उसे मार्केट में खपाने के कई मामले पूर्व में सामने आ चुके हैं।

### नरसिंहगढ़ में भव्य भजन संध्या और कन्या भोज सम्पन्न

**नरसिंहगढ़।** श्री शिवाय सेवा मंडल के तत्वावधान में आयोजित धार्मिक



आयोजनों ने नगर में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत माहौल बना दिया। डॉ. शिव चौक पर मंगलवार रात आयोजित भजन संध्या में सुप्रसिद्ध भजन गायक सतीश अग्रवाल और भोपाल की 'जलपरी' के नाम से प्रसिद्ध नर्मता कुशवाह ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। देर रात तक चले इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भजनों की धुन पर झूमते रहे। इसी क्रम में बुधवार को मंडल द्वारा आयोजित भव्य नगर कन्या भोज द्वितीय वर्ष का आयोजन भी बड़े धूमधाम से सम्पन्न हुआ। दोपहर 12 बजे से प्रारंभ हुए इस धार्मिक अनुष्ठान में नगर और आसपास से आई हजारों कन्याओं का विधिवत पूजन कर उन्हें भोजन कराया गया। आयोजन स्थल पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही।

देर रात्रि तक चली टीएल बैठक में कलेक्टर ने दिए तल्ख निर्देश

# लापरवाहों पर सख्ती, तीन अधिकारियों पर 5-5 हजार जुर्माना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

मुख्यमंत्री हेल्प लाईन के शिकायतों के निराकरण में कई तरह की लापरवाहियों के मामले सामने आ रहे हैं। कुछ विभागों में इन शिकायतों को बंद करने शिकायतकर्ताओं पर दबाव बनाया जा रहा है बल्कि कुछ शिकायतें बगैर निराकृत किए ही बंद की जा रही हैं। इसके साथ ही अनेकों शिकायतें महीनों से लंबित होने के बाद भी विभाग प्रमुखों द्वारा उनके निराकरण में दिलचस्पी नहीं ली जा रही है।

मुख्यमंत्री हेल्पलाईन के मामलों में लगातार मिल रही इन शिकायतों को गंभीरता से लेते कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ने जिला कृषि अधिकारी सचिन जैन, जिला आबकारी अधिकारी रितेश लाल एवं विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी अधिकारी पर 5-5 हजार रुपए का जुर्माना अधिरोपित करने की कार्यवाही की है। मंगलवार देर रात्रि तक चली टीएल बैठक में जिलाधीश ने यह निर्देश प्रदान किए। बैठक में कलेक्टर ने समाधान ऑनलाईन की शिकायतों को भी गंभीरता से लेने के निर्देश जिलाधिकारियों को प्रदान किए। इसके साथ ही कर्मकार मंडल में अपील के कई प्रकरण लंबित होने पर भी उन्होंने नाराजगी जाहिर की। वहीं, सभी जनपदों के सीईओ को निर्देशित किया कि संबल योजना के प्रकरणों को भी गंभीरता से लेकर उनका निराकरण किया जाए।

### राशन दुकानों की हर माह की जाए चेकिंग

टाईम लिमिट बैठक में कलेक्टर ने सभी अनुभागों के एसडीएम को निर्देश दिए कि अपने-अपने क्षेत्र की राशन दुकानों की चेकिंग करते रहें। राशन दुकानों का स्टॉक चेक किया जाए, कितना राशन आबंटित हुआ और कितना राशन बंटकर शेष बचा इसकी सूक्ष्मता से जांच की जाए। कलेक्टर ने समय-सीमा पत्रों पर भी अधिकारियों से वन-टू-वन चर्चा करते हुए सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया कि ई-ऑफिस प्रणाली के तहत ही सभी जिलाधिकारी ई-फाईलें भिजवाएं।

# प्रारंभिक शिक्षा एफएलएन सर्वेक्षण कार्य हुआ संपन्न




**ब्यावरा।** शाकप्रावि भीलवाडिया में राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार भारत सरकार के प्रारंभिक शिक्षा के लक्ष्य प्राप्त करने के उद्देश्य से संपूर्ण भारत वर्ष में प्रारंभिक शिक्षा कक्षा 1से 4 तक के छात्र, छात्राओं का शैक्षणिक स्तर सुधारने हेतु लक्ष्य निर्धारित किया है। प्रारंभिक कक्षा के स्तर सुधारने के लिए एफ एल एन पद्धति से शासकीय विद्यालयों में अध्यापन कार्य करवाया जा रहा है जिसकी हर माह मेंटरिंग एप पर मानीटरिंग की जाती है।

गौरतलब है कि डीएलएड के छात्र छात्राओं को पि नियुक्त कर चयनित शालाओं में परीक्षण किया जा रहा है उसी के अनुरूप जनशिक्षा केन्द्र भीलवाडिया अंतर्गत आने वाली शाला कप्रावि भीलवाडिया में चार पि ने समय 11 बजे से 5 बजे तक प्रत्येक बच्चे का सूक्ष्म परीक्षण मेंटरिंग एप के माध्यम से किया। इस अवसर पर जनशिक्षक गोपाल दास वर्मा, जगदीशचंद्र यादव, प्रधानाध्यापक जसवंत लहरी एवं स्कूल स्टाफ सभी बच्चे उपस्थित रहे।

### लोकल फॉर वोकल को बढ़ाने बढ़ावा देने के लिए राजमहल में लगेगा मेला

**राजगढ़।** आजीविका मिशन के तत्वावधान में लोकल फॉर वोकल को बढ़ाने 25 एवं 26 सितंबर को स्थानीय राजमहल में उत्पाद मेले का आयोजन करवाया जा रहा है। इस मेले में ग्रामीण आजीविका मिशन के स्व-सहायता समूह, उद्योग विभाग की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित ईकाईयां, पीएम विश्वकर्मा योजना के लाभार्थी तथा जिले में स्थानीय उत्पाद बनाने वाले अन्य कारीगर एवं उद्यमी सहभागिता करेंगे। मेले में विभिन्न उत्पादों के कुल 35 स्टॉल लगाए जाएंगे। इस मेले का उद्धेश्य सिर्फ उत्पादों की बिक्री नहीं बल्कि स्थानीय उत्पादों, सामानों, स्वदेशी को पहचान और प्रोत्साहन दिलाना भी रहेगा। आजीविका मिशन के जिला प्रबंधक संदीप सोनी ने बताया कि यह सेवा पखवाड़े के तहत होंगे।

# चुनरी यात्रा के लिए घर-घर पीले चावल भेंटकर दे रहे हैं न्यौता



**राजगढ़।** हिन्दू चेतना मंच, विश्व हिन्दू परिषद एवं सकल हिन्दू समाज के नेतृत्व में शारदेय नवरात्र में क्षेत्र के प्रसिद्ध दैवीय शक्तिपीठ मां जालपा धाम तक 1111 मीटर की चुनरी यात्रा का आयोजन करवाया जाता है। इस वर्ष यह यात्रा आगामी 28 सितंबर को निकाली जा रही है। यात्रा में आधिकाधिक श्रृद्धालु सम्मिलित हों, इस हेतु आयोजकों एवं सेवाभावियों द्वारा क्षेत्र में घर-घर जाकर पीले चावल एवं आमंत्रण पत्र दिया जा रहा है। हिन्दू चेतना मंच जिलाध्यक्ष बृजमोहन सरावत, विश्व हिन्दू परिषद जिलाध्यक्ष तेजेंद्र उपाध्याय ने बताया कि यात्रा आयोजन के लिए बीते कई दिनों से तैयारियां की जा रही हैं। नगर के विभिन्न समाजसेवी, स्वयंसेवी एवं गौसेवक तैयारियों और व्यवस्थाओं को लेकर दिन-रात जुटे हुए हैं।

# रामलीला में राम केवट संवाद की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

नगर के शिव चोक में आयोजित श्री गणेश आदर्श रामलीला मण्डल द्वारा मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के आदर्श चरित्र का रामायण की चोपाई पर अर्थ सहित वर्णन करके एक एक संवाद का चित्रण बहुत ही सरल एवं अनुकरणीय तरीके से किया जा रहा जिसे श्रद्धालु भक्त बड़ी संख्या में भक्तीभाव से पा रहे हैं।

मंगलवार को भगवान राम एवं मल्लाह केवट प्रसंग पर स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी। तद् उपरांत केवट राम संवाद में राम ने केवट से गंगा पार कराने का आग्रह किया तो केवट ने कहा कि हे प्रभु मेने सुना है कि जिनके चरणों से पत्थर नारी बन जाती है तो में अपनी नाव में आपको केसे बिठाऊं मेरी नाव लकड़ी की है यदि नाव नारी बन गई तो मेरी रोटी रोजी का क्या होगा। तब राम ने केवट को समझाया और केवट ने राम के चरणों को धोकर राम लक्ष्मण सीता को नाव में सवार करवाया। जहां पर अतिसुंदर भजन कभी कभी भगवान को भक्तों से काम पड़े जाना था गंगा पार प्रभु केवट कि नाव चढें केवट ने भगवान राम को गंगा पार उतरा। राजा निषाद ने राम से गंगा किनारे रूकने का आग्रह किया लेकिन राम वन कि ओर आगे बढ़े।

### स्थानीय कलाकार अपनी कलाओं से राम चरित्र कर रहे मंचन

जहां राम का किरदार कृषि मण्डी कर्मचारी-दिलीप जमींदार , लक्ष्मण-प्रकाश गौड़ , सीता-ईश्वर दांगी , केवट-जनपद कर्मचारी प्यारेलाल चैहान ,मुनि वशिष्ठ-योगेश भावसार , दशरथ- देवीलाल चैहान ,सुमंत-शिक्षक अशोक सेन खरला, भरद्वाज ऋषि- तुलावटी महेश कुम्भकार , ऋषि बाल्मीकि-महेश राठौर, निषाद खज-भेरूलाल दांगी ,केवट कि पत्नी- विष्णु गौड़ ,कैकयी- कुशाल दांगी , सुमित्रा-गोविंदा तिवारी के किरदार में रामायण के प्रसंगों में अपनी विशेष प्रस्तुति दे रहे। तथा मंच संचालन सेवानिवृत्त शिक्षक मोहनलाल पुष्पद कर रहे, मण्डल के अध्यक्ष पुर्व नपाध्यक्ष दिनेश पुरोहित उपाध्यक्ष गिरीराज जुलानिया है।

# महाविद्यालय में मनाया राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस, हुए आयोजन



**ब्यावरा।** स्थानीय शासकीय महाविद्यालय ब्यावरा में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं सेवकों द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस मनाया गया। 56 वां स्थापना दिवस की वर्षगांठ एवं सेवा पखवाड़ा अभियान के अंर्गत वृहद एवं भव्य गतिविधियों का आयोजन किया रहा है। इस वर्ष की थीम- मेरे भारत के लिए युवा एवं डिजिटल साक्षरता के लिए युवा है। सरस्वती स्तुति के पश्चात राष्ट्रीय सेवा योजना के ध्येय गीत (लक्ष्य गीत) का सस्वर समूह गायन किया। संस्था के उपलब्धि प्राप्त करने वाले पूर्व स्वयंसेवकों एवं गतिविधियों में अच्छा काम करने वाले स्वयं सेवकों का सम्मान किया गया।

इकाई में नवप्रवेशित स्वयंसेवकों को एनएसएस के मुख्य उद्देश्यों को बताते हुए उनकों उन्मुखीकरण प्रशिक्षण दिया। ऊर्जा संरक्षण, स्थानीय लघु एवं कुटीर उद्योगों के प्रति जागरूकता आदि विषयों पर संवाद कार्यक्रम आयोजित किया। तत्पश्चात रचनात्मक पहल हेतु राष्ट्रीय महत्व के विषय को आधार बनाकर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें शालिनी शर्मा ने प्रथम, सपना वर्मा ने द्वितीय एवं बेबी उपाध्याय व अनन्या नागर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन कार्यक्रमों के उपरांत विद्यार्थियों द्वारा श्रमदान कर प्लास्टिक मुक्त परिसर का ध्येय लेकर महाविद्यालय परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। यह कार्यक्रम संस्था प्राचार्य डॉ आर के गुप्ता के निर्देशन में आयोजित किये जा रहे हैं। इसमें कार्यक्रम समन्वयक एवं एनएसएस अधिकारी डॉ केएन मीना, प्रो सांकवा, डॉ दिलीप गुप्ता, प्रो. हेमंत कुमार शर्मा, डॉ एचएल प्रजापति, डॉ अरविन्द शर्मा आदि सहित महाविद्यालयीन परिवार के साथ ही एनएसएस के कुमकुम शाक्यवार, किरण वर्मा, सागर सेन, ईश्वर सोंधिया आदि उपस्थित रहे।

भाजपा की जिला कार्यशाला में बोले-जिला प्रभारी सहित अन्य वक्ता, कार्यकर्ताओं को बताए उद्देश्य

# हर घर स्वदेशी अपनाने आमजनों को करें प्रोत्साहित: सुरेंद्र शर्मा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

भाजपा प्रदेश संघटन के निर्देशानुसार बुधवार को संस्कृति होटल में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में भाजपा जिला प्रभारी सुरेंद्र शर्मा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे वहीं अध्यक्षता पार्टी जिलाध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर ने की।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिला संगठन प्रभारी सुरेंद्र शर्मा ने कहा आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्यायजी की जयंती से आरंभ होकर 25 दिसंबर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेईजी की जयंती तक चलेगा। उन्होंने बताया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी ने जीएसटी की दरों में भारी कमी की है, जिससे देश में महंगाई दर कम होगी। उन्होंने 28 सितम्बर को प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को प्रत्येक बूथ स्तर पर सुनने एवं स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करने की बात कही। हम स्वदेशी वस्तुओं को अपने जीवन में शामिल करेंगे तो अपने देश के व्यापारी भाईयों को लाभ होगा जिससे देश मजबूत होगा। भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर ने अपने उद्बोधन में पिछले कार्यो की समीक्षा करते हुए आगामी कार्यक्रमो की जानकारी प्रदान की।

### प्रत्येक मंडल में तैयार करें गणेशधारी 50 स्वयंसेवक

पार्टी जिलाध्यक्ष गुर्जर ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के आव्हान पर प्रत्येक मंडल में कम से कम 50 गणवेश धारी स्वयंसेवक तैयार करने को कहा। कार्यशाला में मंत्रीद्धय नारायण सिंह पंवार, गौतम टेटवाल, विधायक मोहन शर्मा, हजारीलाल दांगी, अमर सिंह यादव, पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा सहित पार्टी के वरिष्ठजन उपस्थित थे। मीडिया प्रभारी आनंद त्रिपाठी एवं जगदीश दास ने बताया कि आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान 25 सितंबर से 25 दिसंबर तक चलेगा।